बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : यो0स्था04 / 1–08 / 2022 / यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

डाक / ई–मेल

अपर सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषय : **उपार्जित अवकाश का आवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रायः बिहार योजना सेवा एवं बिहार अवर योजना संवर्ग के पदाधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा उपार्जित अवकाश की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराए गए आवेदन वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत निर्धारित विहित प्रपत्र में तथा उसमें अवकाश का स्पष्ट कारण अंकित नहीं होता है। उपलब्ध कराए गए अधिकांश आवेदनों में नियंत्री पदाधिकारी का स्पष्ट अनुशंसा भी अंकित नहीं होता है जो नियमानुकूल नहीं है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उपार्जित अवकाश का आवेदन वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत उपार्जित अवकाश के लिए निर्धारित विहित प्रपत्र में, अवकाश का स्पष्ट कारण तथा नियंत्री पदाधिकारी के अनुशंसा के साथ उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

बिहार अवर योजना संवर्ग के पदाधिकारी एवं कर्मी जो स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्य अंचलों एवं कार्य प्रमंडलों में कार्यरत है, उनका उपार्जित अवकाश आवेदन भी अपने पदस्थापित कार्यालय के माध्यम से ही विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 1–08 / 2022 / यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026
प्रतिलिपि – बिहार योजना सेवा एवं बिहार अवर योजना संवर्ग के सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 1–08 / 2022 1952 / यो0वि0,पटना,दिनांक 17 अप्रैल, 2026
प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.4.26
सरकार के संयुक्त सचिव